# पति की मौत, पत्नी गंभीर

## तेज रफ्तार बल्कर ने मारी जोरदार टक्कर

**सीधी-जोगीपुर बाईपास पर हुआ दर्दनाक सड़क हादसा**

**आक्रोशित भीड़ पुलिस की समझाइश के बाद मानी**



नवभारत न्यूज

**सीधी 21 जुलाई. तेज रफ्तार के कहर में आज सुबह बाइक चालक पति की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई और पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई. घटनास्थल पर हृदयविदारक मंजर को देखकर लोगों की भीड़ आक्रोशित हो गई. किन्तु कोतवाली पुलिस की सूझ-बूझ से अंततः मामला शांत हुआ. गंभीर रूप से घायल महिला को जिला अस्पताल एम्बुलेंस से पहुंचाया गया. प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे मेडिकल कॉलेज रीवा अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है.**

समीपी कुकड़ीझर निवासी अन्नपूर्णा विश्वकर्मा पिता जगन्नाथ विश्वकर्मा उम्र 52 वर्ष आज सुबह अपनी पत्नी उर्मिला विश्वकर्मा उम्र 50 वर्ष को बाइक में लेकर बटौली देवी मंदिर पूजा-अर्चना के लिए जा रहा था. जोगीपुर-सीधी बाईपास में सुबह करीब 9.30 बजे सिंगरौली की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे बल्कर क्रमांक एमपी 19 एचए 5928 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक बाइक को टक्कर मार दी. हादसे के दौरान बाइक चालक अन्नपूर्णा विश्वकर्मा बल्कर के पिछले चक्के की चपेट में आकर करीब 10 मीटर दूर तक घसीटता रहा. बल्कर के रुकने पर उसका शव बल्कर के पिछले पहिए में फंसा मिला. वहीं पत्नी उर्मिला विश्वकर्मा का पैर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया. हादसे की सूचना पर पुलिस पहुंची और घायल महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया गया. बाद में पुलिस ने क्रेन बुलाकर बल्कर के पिछले पहिए में फंसे शव को बाहर काफी मशक्कत के बाद निकलवाया.

घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा रही. प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना था कि हादसे के दौरान बाइक सवार सड़क को पार करने का प्रयास कर रहा था. उसी दौरान तेज रफ्तार में आए बल्कर ने उसको अपनी चपेट में ले लिया. बल्कर के पिछले चक्के में फंसे अन्नपूर्णा विश्वकर्मा की दर्दनाक मौत हो चुकी थी. इसके बाद लोगों द्वारा सडक़ हादसे की सूचना पुलिस को दी गई. आक्रोशित लोगों की भीड़ बल्कर को आग लगाने पर भी उतारू रही किन्तु पुलिस की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ. घटना के बाद आरोपी चालक मौके पर बल्कर छोडक़र फरार हो गया. कोतवाली पुलिस द्वारा बल्कर को अपने कब्जे में लेकर मामले की मर्ग विवेचना शुरू की गई है.

### बटौली देवी मंदिर जा रहे थे पति-पत्नी

हादसे के वक्त कुकड़ीझर निवासी अन्नपूर्णा विश्वकर्मा अपनी पत्नी उर्मिला विश्वकर्मा के साथ बाइक में सवार होकर बटौली देवी मंदिर पूजा-अर्चना के लिए जा रहे थे. बताया गया है कि मंदिर पहुंचने के कुछ पहले ही यह सडक़ हादसा घटित हो गया. गांव के लोगों का कहना था कि मृतक अन्नपूर्णा विश्वकर्मा एवं उनके परिवार की बटौली देवी पर काफी आस्था थी. इसी वजह से वह बीच-बीच में पूजा-अर्चना के लिए मंदिर आते थे. आज भी सुबह स्नान के बाद पति-पत्नी बटौली देवी मंदिर पूजा के लिए आ रहे थे.

# पानी पी रहे बालक पर गिरी टंकी, मौत

- आक्रोशित लोगों ने नगर परिषद कार्यालय पहुंचे
- नगर परिषद ने पेयजल उपलब्ध कराने रखी थी टंकी



**रतलाम, 21 जुलाई. पानी पी रहे बालक पर स्टैंड टूटने से टंकी उस पर गिर गई, जिससे बालक दब गया और उसकी मौत हो गई. सूचना पर नागरिका और पुलिस पहुंची. दर्दनाक हादसे से आक्रोशित नागरिकों ने नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर आक्रोश व्यक्त किया.**

जानकारी के अनुसार जिले के धामनोद नगर के वार्ड नम्बर 14 में नई आबादी क्षेत्र में लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए धामनोद नगर परिषद द्वारा पानी की टंकी रखी गई थी. सोमवार दोपहर को करीब डेढ़ बजे 6 वर्षीय अर्पित पिता राजकुमार तेवाड़ टंकी पर पानी पीने गया था. तभी टंकी का स्टैंड टूट गया और टंकी अर्पित पर जा गिरी. इससे अर्पित टंकी के नीचे दब गया. आसपास खेल रहे बच्चों ने शोर मचाया तो कुछ लोग वहां पहुंचे तथा टंकी हटाकर अर्पित को निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और अर्पित का शव पीएम के लिए सैलाना के सरकारी अस्पताल भिजवाया. नगर परिषद पहुंचे नागरिकों ने बताया कि दो हजार लीटर क्षमता वाली यह टंकी नगर परिषद द्वारा दो वर्ष पहले लगाई गई थी. आरोप लगाया कि की लगातार मांग के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा था और यह हादसा हो गया.



# शिवपुरी में 255 करोड़ की लागत से लगेंगे दो उद्योग

**शिवपुरी. बैराड़ तहसील के कालामढ़ गांव की 81 हेक्टेयर भूमि पर दो बड़ी इंडस्ट्रीज लगने जा रही हैं. इसको लेकर अवैध रूप से बने अतिक्रमण को आज हटाया. प्रशासन ने करीब 60 हेक्टेयर भूमि को जेसीबी की मदद से खाली कराया.**

इंडस्ट्रीज लगने से एक ओर जहां लोगों को रोजगार मिलेगा. वहीं दूसरी ओर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की वजह से लोगों को झुग्गी-झोपड़ियों के छिनने का डर है. सुपरकट वेल्डिंग इंडस्ट्रीज और एमआरबी इंजीनियरिंग को उद्योग स्थापना के लिए भूमि आवंटित की गई है. दोनों कंपनियों द्वारा 130 करोड़ और 125 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा और कुल 950 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है. यहां इंजीनियरिंग इंस्ट्रूमेंट्स का निर्माण किया जाएगा. इस भूमि पर अभी भी कई गरीब परिवार झुग्गी-झोपड़ियों में निवास कर रहे हैं.



### नशेड़ी की चप्पलों से पिटाई वीडियो भी आया सामने

**सीधी.** सीधी जिले के रामपुर नैकिन बस स्टैंड पर रविवार दोपहर 2 बजे एक शराबी ने हंगामा कर दिया. नशे में धुत व्यक्ति ने राहगीरों के साथ गाली-गलौज की. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर लोग शेयर कर रहे हैं. घटना के वक्त मौजूद लोगों ने बताया कि शख्स ने पास की शराब दुकान से पीकर आया था.

# जहर के सेवन से तीन लोगों ने तोड़ा दम

**अलग-अलग स्थानों के मामले, पुलिस रही मामलों की जांच**

**छिंदवाड़ा.** जिले भर में जहर सेवन की घटनाएं बढ़ गई है. सोमवार को भी जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में जहर सेवन से एक युवती सहित 3 युवकों की मौत हो गई है. उमरेठ थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती की रविवार की शाम जहर सेवन से मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है. निधि पिता कृपाराम पवार उम्र 17 साल उमरेठ की रहने वाली है. उसने बीते दिर सुबह 11 बजे जहर का सेवन कर लिया था. उसके भाई ने खेत जाकर अपने पिता को बताया कि बहन उल्टियां कर रही है. पिता और भाई ने उसे तत्काल परासिया अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया. इलाज के दौरान शाम 6 बजे उसने दम तोड़ दिया. तामिया थाना अंतर्गत बिजोरी के रहने वाले युवक लखन पिता पंचम धुर्वे 47 साल बिजोरी तामिया का रहने वाला है. उसने 15 जुलाई की शाम जहर का सेवन कर लिया. जिंदगी और मौत से जूझते हुए सोमवार की सुबह 7 बजे उसने दम तोड़ दिया.

### सड़क हादसे में युवक की मौत

उमरेठ थाना क्षेत्र के मर्राम बिजौरी में सडक़ हादसे से एक युवक की मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है. जानकारी अनुसार दीपक पिता रूप लाल उम्र 25 साल मर्राम बिजोरी का रहने वाला है. रविवार को शाम 4.48 बजे करीब सामने से आ रहे वाहन ने टक्कर मार दी. इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया. सूचना पर पहुंची 108 से उसे जिला अस्पताल लाया गया. इलाज के दौरान शाम 7.26 पर उसने दम तोड़ दिया. पुलिस ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

### डूबने से दो बच्चों की मौत

**अशोकनगर.** जिले में तूमैंन त्रिवेणी नदी में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि वे कांवड़ियों के साथ जल भरने गए थे, तभी यह हादसा हो गया. दियाधारी गांव से कांवड़ यात्रा पर गए लोग जब त्रिवेणी नदी पहुंचे, तो एक लड़का और एक लड़की नदी में बने गहरे गड्ढे में फंस गए. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन बचाव में कोई सक्रियता नहीं दिखाई. ग्रामीणों ने स्वयं नदी में उतरकर बच्चों को बाहर निकाला. अशोकनगर में कांवड़ यात्रा के लिए हर साल इसी नदी से जल भरा जाता है, इसके बावजूद पुलिस और प्रशासन की ओर से कोई इंतजाम नहीं किया गया.

# अब तक दर्ज नहीं हो सकी एफआईआर

## अवैध कॉलोनी पर आयुक्त ने दिए थे निर्देश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 जुलाई, निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने जर्जर भवन व अवैध कालोनी को लेकर समीक्षा की. आयुक्त के निर्देश के बाद भी अवैध कॉलोनियों के खिलाफ एफआईआर नहीं दर्ज कराई.**

आयुक्त ने निगम क्षेत्रांतर्गत जोनवार चिन्हित जर्जर/भयप्रद भवनों की जानकारी ली. उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित भयप्रद भवनों पर नोटिस चस्पा कर विधिवत कार्रवाई करते हुए उन्हें गिराया जाए. पूर्व में जारी नोटिसों का फॉलोअप कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. आयुक्त ने चेतावनी दी कि लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने निर्देश दिए कि बुधवार तक समिति निर्णय लेकर सभी तैयारियां पूरी करे और उसके उपरांत भवनों को गिराने की कार्रवाई की जाए. जोन 1 में स्थित पीडब्ल्यूडी के भयप्रद भवनों का लोक निर्माण विभाग के साथ संयुक्त निरीक्षण कर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने सभी जोनों में उन अवैध कॉलोनियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए जिन पर अब तक मामला दर्ज नहीं हुआ है.

> जानकारी के अनुसार जो कॉलोनियां वैधीकरण की प्रक्रिया में हैं लेकिन सार्वजनिक उपयोग हेतु आरक्षित भूमि नहीं छोड़ी गई है, उनसे वसूली राशि तय कर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. आयुक्त ने नीम चैराहा के पास फायर स्टेशन और जोन 2 कार्यालय के लिए स्थल चिन्हित कर योजना बनाने के निर्देश दिए. वार्ड 37 में पुराने कोतवाली के पास सामुदायिक भवन का एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए. बैठक उपायुक्त सहित सभी इंजीनियर मौजूद रहे.

# चोर से सोने के जेवर-नकदी बरामद



नवभारत न्यूज

**खंडवा. पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय द्वारा चोरी, नकबजनी एवं संपत्ति संबंधी अपराध में आरोपी की गिरफ्तारी एवं मशरुका की बरामदगी करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है.**

थाना प्रभारी पिपलोद निरी. सुरेन्द्रनाथ पाण्डेय के नेतृत्व में धाना पिपलोद के अपराध क्रमांक 281/25 धारा 331(3), 305(ए) बीएनएस के आरोपी मुस्ताक उर्फ कालु पिता मुमताज जाति मुसलमान उम्र 32 साल निवासी ग्राम सिंगोट को गिरफ्तार किया जाकर चोरी का कुल मशरूका सोने के जेवर एवं नगदी को बरामद किया गया है. 18 जुलाई को फरियादी श्रीराम पिता विहठल कुन्त्री पटेल निवासी ग्राम सिगोट द्वारा थाना पिपलोद पर अपराध क्रमांक 281/25 धारा 331(3), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया था. विवेचना के दौरान निरीक्षक सुरेन्द्रनाथ पाण्डेय थाना प्रभारी पिपलोद के नेतृत्व में उनि. प्रेमसिंग जामोद, पीएन यादव, रणवीरसिंग, आकाश, धीरज की टीम गठित की गई. 20 जुलाई को आरोपी मुस्ताक पिता मुमताज निवासी ग्राम सिंगोट को गिरफ्तार कर फरियादी के घर से चुराये सोने के जेवर व नगदी 15,350 रुपए कुल मशरुका राशि 75,350 रुपए

# दुकान से चोरी करने वाले गिरफ्तार

**चोरी गए नगदी 1 लाख 30 हजार रूपये बरामद**



**रतलाम. पुलिस ने आनलाईन दुकान का ताला तोडक़र नगदी रूपये चुराने वालो नकबजन को 4 घंटे में गिरफ्तमार करने में सफलता हासिल की हैं. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गए नगदी 1 लाख 30 हजार रुपए भी बरामद किए.**

पुलिस ने बताया कि रविवार को फरियादी भगवतीलाल पिता केशुराम पाटीदार निवासी नवेली के द्वारा थाना कालुखेडा पर उपस्थित होकर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध आनलाईन की दुकान का ताला तोडकर दुकान के अन्दर से एक लाख तीस हजार रूपये (1,30,000/- रूपये) नगदी चोरी करने के सम्बध मे रिपोर्ट किया. जो फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना कालुखेडा पर अपराध क्रमांक 133/2025 धारा 331(4), 305(क) भारतीय न्याय संहिता का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया. घटना की सुचना मिलते ही तत्काल पुलिस अधीक्षक अमित कुमार (भा.पु.से.) के द्वारा तत्काल अज्ञात आरोपी की तलाश हेतु टीम गठीत की गई.

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार खाखा (रा.पु.से.) व नगर पुलिस अधीक्षक युवरावसिह चौहान के मार्गदर्शन मे घटना स्थल की गहन जांच की गई एवं अज्ञात आरोपीयो के सम्बध मे जानकारी हेतु मुखबीर सुचना तंत्र को सक्रिय किया गया.

# शिकायतों के निराकरण में नीमच 4 जिलों में शामिल

**नीमच. सीएम हेल्पलाईन पोर्टल्स पर प्राप्त शिकायतों के निराकरण की माह जून 25 की ग्रेडिंग में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में नीमच जिला लगातार आठवी बार ए ग्रेड के साथ प्रदेश के टॉप चार जिलों में शामिल हुआ है.**

जिला प्रबंधक आशीष जैन ने बताया कि माह जून 25 में 3522 प्राप्त शिकायतों में से संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का वेटेज (60%) में से 51.43 त्न एवम 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज (20%) में से 14.74 त्न कुल वेटेज 85.88त्न के साथ नीमच जिले को रेटिंग प्राप्त हुई. प्रदेश के 55 जिलों में चौथा स्थान एवम समूह बी श्रेणी के 27 जिलों में तीसरा स्थान मिला है. उल्लेखनीय की कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिले में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर किरन आंजना द्वारा सतत मोनिटरिंग की गई एवं उनके निराकरण हेतु निर्देशित किया गया साथ ही शिकायतकर्ता को भी अवगत करवाया 7 फलस्वरुप आवेदकों द्वारा शिकायतों को संतुष्टि के साथ बंद करवाया गया है इसी का परिणाम है कि नीमच जिला सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण मैं प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल कर पाया

# सुनवाई न होने से ग्रामीण ही बनाने लगे सड़क

**ग्रामीणों का आरोप- जब सड़क हमें ही बनाना तो जनप्रतिनिधि क्यों चुनें?**



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 21 जुलाई. जनपद पंचायत देवसर के गड़ई गांव की मुख्य सड़क को जाने वाली 4 किलोमीटर सड़क के लिए ग्रामीणों ने सांसद, विधायक व सरपंच सहित प्रशासन तक से गुहार लगाई, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई. अब ग्रामीणों ने खुद ही पहल शुरू कर दी है.**

सालों से रोड बनने की राह देख रहे ग्रामीण आवेदन और निवेदन करते-करते थक गए. जब रोड बनने की आशा दूर-दूर तक नजर नहीं आई, तब लोगों ने खुद ही रोड बनाने की ठान ली. ग्रामीणों ने सोमवार से श्रमदान कर मिट्टी भराई कार्य शुरू कर दिया. बता दें कि जनपद पंचायत देवसर के गड़ई गांव के 4 किमी की सड़क की दुर्दशा से ग्रामीण कई साल से परेशान थे. हर साल बारिश के मौसम में सड़क की हालत विकराल हो जाती है. राहगीरों को सरई जाने के लिए इसी सड़क से गुजरना होता है. ऐसे में कई बार सड़क बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से गुहार लगाई गई, लेकिन जब गांव की सड़क नहीं बनी. इसके बाद ग्रामीणों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर खुद ही सड़क बनाना शुरू कर दिया. कमलेश्वर सिंह ने बताया कि ग्राम में मेन रोड से अंदर की ओर जो बस्ती है, यहां पर रोड नहीं है और यहां लंबे समय से सड़क को लेकर सांसद, विधायक, सरपंच, सचिव सहित जिला प्रशासन से आवेदन और निवेदन करते थक गए. जब सड़क नहीं बनी तो उन्होंने अपने स्वयं के खर्च पर सड़क बनाना प्रारंभ कर दिया.

ग्रामीणों ने स्वयं के खर्च पर ट्रैक्टर की मदद और स्वयं मजदूरी करके चलने लायक सड़क बनाई है, ताकि यहां से आने-जाने में परेशानी ना हो. राजकुमार ने कहा कि जब सड़क हम लोगों को ही बनवाना है तो फिर हम जनप्रतिनिधि क्यों चुनें, हम चुनाव का बहिष्कार करेंगे.

# पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने रेल मंत्री को लिखा पत्र



**छिन्दवाड़ा. मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने केन्द्रीय रेल मंत्री को अति महत्वपूर्ण पत्र लिखा है. जिसमें उन्होंने नागपुर एवं जबलपुर से होकर चलने वाली ट्रेनों को छिन्दवाड़ा होकर संचालित करने की मांग रखी.**

नागपुर व जबलपुर होकर गुजरने वाली ट्रेनों को छिन्दवाड़ा होकर संचालित किए जाने की लगातार उठ रही मांगों को दृष्टिगत रखते हुए कमलनाथ ने केन्द्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने चार ट्रेनों को छिन्दवाड़ा से होकर संचालित करने की मांग की है. इन सभी एक्सप्रेस ट्रेनों के संचालित होने से जहां एक ओर छिन्दवाड़ा जंक्शन पर रोजगार व व्यापार के नए अवसर उपलब्ध होंगे साथ ही यात्रियों की सुविधाओं में भी इजाफा होगा. श्री नाथ ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखे पत्र में उल्लेख किया कि छिन्दवाड़ा जिले की सेवा करते हुए 45 वर्ष बीत चुके हैं, इसीलिये इस क्षेत्र की आवश्यकताओं व आमजन की आकांक्षाओं से भली भांति परिचित हूं.

**दिक्कत** ▶ 4 महीने से अटका भुगतान, कुछ बच्चे पैदल तो कुछ स्कूल गए ही नहीं

# डॉ. अंबेडकर सीएम राइज गुलाना की बसें बंद



**शाजापुर, 21 जुलाई. गुलाना के डॉ. भीमराव अंबेडकर सांदीपनि सीएम राइज विद्यालय में स्कूल बसों का संचालन सोमवार से रुक गया है. स्कूल की 20 बसें भुगतान न होने के कारण नहीं चल रही हैं. बस मालिकों को अप्रैल माह से भुगतान नहीं मिला है. बसों का संचालन बंद होने से कई बच्चे पैदल स्कूल पहुंचे, तो कुछ को अभिभावकों ने स्कूल तक छोड़ा.**

भुगतान की परेशानी के चलते 21 जुलाई से बसों का संचालन बंद करने का आवेदन विद्यालय प्राचार्य को दिया गया. साथ ही ड्राइवर और कंडक्टर को भी एक महीने से वेतन नहीं मिला है. ड्राइवरों की दो साल की पीएफ राशि भी लंबित है. सांदीपनि विद्यालय गुलाना में प्राथमिक से हायर सेकेंडरी स्तर तक के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क बस सेवा दी जाती हैं. इन बसों से 2 से 18 किलोमीटर दूर के क्षेत्रों से बच्चों को लाया-ले जाया जाता है.

भोपाल की कंपनी ने नहीं किया भुगतानभोपाल की समाया ट्रांसपोर्टेशन लिमिटेड की ओर से समय पर भुगतान नहीं करने के कारण बस मालिकों ने बसें रोक दी हैं. इससे विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. कई बच्चे पैदल या बाइक से स्कूल पहुंच रहे हैं.

अभिभावक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि इस समय किसानी का कार्य चल रहा है. सभी काम छोडक़र बच्चों को बस बंद होने के कारण बाइक से छोडऩे स्कूल आया हूं. छात्रा प्रतिमा सेन ने कहा कि बस बंद हो गई है तो पैदल आना पड़ा आज. गर्मी भी ज्यादा हो रही है. इससे बीमार भी हो सकते हैं. अभी पता नहीं है कब तक बस चालू होगी.

### जब तक भुगतान नहीं होता बसें रहेंगी बंद...

बस ड्राइवर अमजद खां ने बताया है कि जब तक हमारा खाता में पेमेंट नहीं आता है, जब तक बस बंद रहेगी. ड्राइवरी करते-करते 2 साल हो गए. पीएफ नहीं मिल रहा है. कंपनी को भुगतान करना होगा.

**इनका कहना है**

हमारी ओर से भुगतान कर दिया गया है. हमारे पास सबूत भी है. कंपनी ने ड्राइवर और बस मालिक का पेमेंट नहीं किया है. हमारी तरफ से इसी महीने का बाकी है. बस मालिक और

# सौरभ की जमानत पर फैसला सुरक्षित

- सुनवाई पूरी



**जबलपुर. ईडी के द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग प्रकरण में आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल से करोड़पति बिल्डर बने सौरभ शर्मा की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई. हाईकोर्ट जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल ने सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखने के आदेश जारी किये हैं.**

गौरतलब है कि लोकायुक्त ने आरटीओ आरक्षक सौरभ शर्मा के घर पर दबिश दी थी. बेनामी संपत्ति मिलने पर ईडी ने उसके और पारिवारिक सदस्य सहित 12 व्यक्तियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था. आरोपी सौरभ शर्मा विगत 4 फरवरी से न्यायिक अभिरक्षा में है. ईडी द्वारा दर्ज प्रकरण में जिला न्यायालय ने जमानत देने से इंकार कर दिया था. जिसके बाद आरोपी ने जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी.

हाईकोर्ट में याचिका की सुनवाई के दौरान दलील दी गयी कि ईडी द्वारा जब्त संपत्ति उसके नाम पर नहीं है. उसका उक्त सम्पतियों को कोई लेना-देना नहीं है. ईडी की तरफ से पैरवी करते हुए अधिवक्ता विक्रम सिंह ने बताया कि प्रकरण के सह आरोपियों का कहना है कि सौरभ शर्मा ने उनके नाम से उक्त संपत्ति खरीदी है. संपत्ति उनके नाम पर है पर उन्हें सौरभ शर्मा ने खरीदा था.

ईडी ने अधिवक्ता ने एकलपीठ को बताया गया कि 108 करोड़ रूपये की संपत्ति अटैच की गई है, जो सौरभ शर्मा ने सह आरोपियों के नाम पर खरीदी थी. अटैच की गयी सम्पति के संबंध में सिविल प्रकरण दिल्ली हाईकोर्ट में लंबित है. आरोपी सौरभ शर्मा के द्वारा अवैध रूप से अर्जित किये गये रूपये से उक्त संपत्ति खरीदी गयी है. एकलपीठ ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखने के आदेश जारी किये.